Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-02-2006

Participants : Suman Shri Ramji Lal

an>

Title : Need to provide financial assistance to the potato growers whose crops have been damaged due to frost in Agra region of Uttar Pradesh and other parts of the country.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, भारतीय समाज में सब्जियों की बात करें तो आलू की अहम भूमिका है। आलू आम आदमी विशोकर गरीब आदमी के भोजन का एक महत्वपूर्ण आहार है। उत्तर प्रदेश देश में आलू पैदा करने वाला एक बड़ा भू-भाग है। आम तौर पर प्रदेश में 2,86,219 हैक्टेयर भूमि में आलू पैदा किया जाता है और यह प्रदेश के किसानों की आय का प्रमुख माध्यम है। आगरा मंडल में खंदोली क्षेत्र है, यहां का आलू अपनी विशो पहचान रखता है। अपनी इसी पहचान के कारण यहां के आलू को उत्तर प्रदेश सरकार ने 'ताज पटैटो' का नाम दिया है तथा यह आलू प्रायः प्रति वर्ा 2,000 टन निर्यात किया जाता है। परंतु इस वर्ा पाले ने इस फसल का नाश कर दिया है। परिणामस्वरूप आगरा और उसके निकटवर्ती इलाके के आलू उत्पादकों के सामने गंभीर समस्या पैदा हो गई है, न अब निर्यात हो पाएगा और न किसानों को रोजी कमाने का रास्ता मिलेगा। किसान बहुत दयनीय हालत में हैं। यह दशा उत्तर प्रदेश की ही नहीं, अन्य राज्यों की भी है। अतः मेरा आग्रह है कि सरकार उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य प्रदेशों में जहां आलू की फसल नट हुई है, व्यापक सर्वेक्षण कराकर आलू उत्पादक किसानों को अविलम्ब आर्थिक राहत प्रदान करे। आगरा और उसके साथ फैली पट्टी के आलू उत्पादक किसानों की हुई हानि को देखते हुए सरकार एकमुश्त करोड़ों रुपए मुआवजा देने की घोाणा करे।